हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 28 जून 2025

11 जब तक बकाया वेतन नहीं मिलता काम रहेगा बंद


12 भक्ति व प्राची चाहर ने जीता सिल्वर मेडल


## खबर संक्षेप

### एमआईई में तीन दिन बाधित रहेगी बिजली

**बहादुरगढ़।** एमआईई पार्ट ए व बी में स्थित 132 केवी सब स्टेशन का अपग्रेडेशन कार्य किया जा रहा है। पुराने कंडक्टर, नए सिस्टम के अनुरूप नहीं है। उन्हें बदला जाएगा। तीन दिन तक यह काम चलेगा। इन समयावधि में एमआईई में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसे देखते हुए उद्यमी संस्था बीसीसीआई की ओर से एमआईई के तमाम उद्यमियों, इकाइयों में सूचना जारी कर सहयोग की अपील की है। कहा गया गया है कि शनिवार से सोमवार तक काम चलेगा। निगम ने काम करने के लिए शेड्यूल तय कर दिया है। शनिवार और रविवार को सुबह चार से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। वहीं 30 जून को सुबह चार से 11 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके बाद आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी। इसलिए सभी इकाई मुखियाओं से आग्रह है कि वह इस शेड्यूल को देखते हुए अपनी कार्य योजना तय करें।

### दो दिवसीय स्टेट चेस चैंपियनशिप आज से

**बहादुरगढ़।** झज्जर शतरंज एसोसिएशन के तत्वावधान शनिवार 28 जून से दो दिवसीय राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता का आयोजन केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल परिसर में किया जा रहा है। विधायक राजेश जून और भाजपा नेता दिनेश कौशिक प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वीबी कश्यप ने बताया कि राज्य स्तरीय शतरंज मुकाबले में केवल अंडर 11 व 17 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा कल झज्जर में

**झज्जर।** लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा रविवार को झज्जर दौरे पर रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए उनके निजी सचिव अरुण कुमार ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सांय चार बजे शहर के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचेंगे, जहां वह गुरु दक्ष प्रजापति समाज की सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत विश्राम गृह में ही सांय साढ़े चार बजे कैबिनेट मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**बहादुरगढ़।** महावीर पार्क में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की मौत हृदय गति रुकने से हुई या फिर इसके पीछे अन्य कोई वजह रही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने इस संबंध में परिजनों के बयान पर घटना को इत्तेफाक मानकर कार्रवाई की है। मृतक की पहचान अशोक निवासी महावीर पार्क के रूप में हुई है। अशोक बिजली का काम करता था। शुक्रवार की सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे संभाला और अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गांजे सहित एक आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने करीब तीन किलो गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। सीआईए प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नयाबांस का निवासी सतीश गांजा बेचता है। फिलहाल वह स्कूटी पर सवार होकर नजफगढ़ से बहादुरगढ़ होते हुए नया बांस रोहतक जाएगा। इस सूचना पर टीम ने झाड़ोदा बॉर्डर के निकट नाका लगा दिया। जांच के दौरान एक स्कूटी रुकवाई गई। पूछताछ में स्कूटी सवार ने अपना नाम सतीश बताया। फिर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसकी स्कूटी पर से दो किलो 930 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

---

अतिक्रमण के खिलाफ नप व पुलिस की संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

# वेस्ट जुआं ड्रेन के फुटपाथ पर डाली झुग्गियों पर चला बुलडोजर

## कई झुग्गियों पर चला पीला पंजा, कुछ को सामान हटाने तक मिली मोहलत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। वेस्ट जुआं ड्रेन के फुटपाथ पर लंबे समय से मौजूद झुग्गियों पर जेसीबी चला दी गई। हालांकि लोगों ने विरोध किया लेकिन अधिकारी नहीं माने। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी तोड़फोड़ की गई। अधिकारियों ने लोगों से पुनः अतिक्रमण, कब्जे न करने की कड़ी हिदायत भी दी है।

दरअसल, वेस्ट जुआं ड्रेन पर लंबे समय से अस्थाई कब्जे, अतिक्रमण की समस्या गहराई हुई है। ड्रेन पक्की होने के बाद भी हालात नहीं बदले और अब तक यहां फुटपाथ पर कई झुग्गियां हैं। अतिक्रमण भरे हालातों के कारण यहां दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। नगर परिषद की ओर से कई बार इन परिवारों को जगह खाली करने के लिए नोटिस व हिदायतें दी जा चुकी थी लेकिन ये नहीं हटे। अब बीते दो तीन महीने से भी लगातार नगर परिषद द्वारा उन्हें झुग्गियां हटाने के लिए कहा जा रहा था। झुग्गियां नहीं हटी तो शुक्रवार को पुलिस व नगर परिषद ने सख्ती बरती।



**बहादुरगढ़।** कार्रवाई के दौरान मौके पर हुई भीड़।

### नाहरा, नाहरी फ्लाईओवर के नीचे खोखों पर भी चला पीला पंजा

एसीपी दिनेश कुमार और नगर परिषद के अधिकारियों की मौजूदगी में टीम ने दस्तक दी। जेसीबी के जरिये झुग्गियां हटानी शुरू कर दी। यहां रहने वाले लोगों ने विरोध किया और मोहलत मांगी लेकिन कार्रवाई चलती रही। जिन झुग्गियों में सामान था, उन्हें कुछ घंटे की मोहलत जरूर दी गई है। इसके अलावा नाहरा, नाहरी फ्लाईओवर के नीचे मौजूद कुछ खोखों पर भी पीला पंजा चलाया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में नगर परिषद से एमई, बीआई, एसआई आदि भी शामिल थे। अधिकारियों ने लोगों को चेतावनी दी कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी सूरत में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# 'नासूर' बनी सीवर ओवरफ्लो की समस्या

## ■ लोगों ने इकट्ठे होकर जताई नाराजगी, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में सीवरेज व्यवस्था का बुरा हाल है। कई कॉलोनियों में सीवर ओवरफ्लो हैं। सीवर की गंदगी बाहर निकलकर सड़कों, गलियों में फैल रही है। इस कारण आवागमन बाधित है और बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। गंदगी भरे इन हालातों के कारण स्वच्छता अभियान को भी पलीता लग रहा है।

शहर के देव नगर के निकट राज अखाड़े से सेक्टर 13 की ओर जाने वाले रास्ते पर भी ऐसे ही हालात बने हुए हैं। इस समस्या से परेशान स्थानीय निवासियों ने इकट्ठे होकर नाराजगी जताई। आनंद दलाल, अशोक जून, कुलदीप, लीलू, परमिंदर, राजपाल, संगीता व राजबाला आदि ने कहा कि कुछ समय पहले यहां नई लाइन डाली गई थी। नई लाइन डालने के बावजूद ऐसे हालात हैं। करीब दो तीन महीने से यह समस्या गहराई हुई है। दिनभर सीवर से गंदगी बाहर निकलकर बहती रहती है। नजदीक ही मंदिर है, जिसमें कॉलोनी के लोग आते हैं। वहीं, एक हैंडपंप हैं भी है, जिससे सुबह शाम काफी लोग पानी भरते हैं।



**बहादुरगढ़।** इकट्ठे होकर नाराजगी जताते समस्या से जूझ रहे लोग।

### रात- दिन का चैन छीन गया



इसके अलावा इस रास्ते से दिनभर लोग आते जाते हैं। सुबह शाम के वक्त सेक्टर 13 की तरफ टहलने जाते हैं। सड़क पर सड़ रही सीवर की गंदगी के कारण आवागमन बाधित है। बीमारियां फैलने का भी डर है। न तो अधिकारी और न ही जन प्रतिनिधि इस तरफ ध्यान दे रहे। समस्या का शीघ्र ही समाधान किया जाए ताकि लोग चैन से रह सकें।

## सीवरेज समस्या लेकर कार्यालय गए पार्षदों को नहीं मिले अधिकारी

**बहादुरगढ़।** शहर के कई वार्डों में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। कहीं मेन लाइन बंद है तो कहीं सीवर ओवरफ्लो होने से दयनीय हालात बने हैं। इस कारण न केवल आम नागरिक परेशान हैं, बल्कि संबंधित वार्डों के पार्षदों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं।

लंबे समय से ये पार्षद लगातार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के आगे समस्या रख रहे हैं लेकिन समाधान नहीं हो रहा। शुक्रवार को एक बार फिर आधा दर्जन से अधिक नगर पार्षद पब्लिक हेल्थ कार्यालय में पहुंचे लेकिन यहां एक्सईएन और एसडीई नहीं मिले। कुछ देर बाद एक अन्य एसडीई आए तो पार्षदों ने उनके समक्ष वार्डों में गहराई सीवरेज संबंधित समस्या रखी।

### कई वार्डों में समस्या गहराई



वार्ड-1 के पार्षद रजनीश मोनू ने कहा कि उनके समेत कई वार्डों में सीवरेज समस्या गहराई हुई है। लोग परेशान हैं लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। यहां दफ्तर में आए तो एक्सईएन, एसडीई नहीं मिले। जेई से बात की तो उसने कहा कि मैं छुट्टी पर हूं। वहीं ठेकेदार बोला कि मेरी जवाबदेही नहीं है। इसलिए अब तमाम पार्षद सोमवार को जनता को साथ लेकर एक्सईएन से मिलेंगे। हां, जलापूर्ति संबंधित एसडीई से मुलाकात जरूर हुई, जिन्हें पेयजल समस्या बताई गई है। पार्षद रजनीश मोनू, संदीप दहिया, सत्यप्रकाश, बिजेंद्र दलाल, कुलदीप राठी, बलराम उर्फ मिंटू, सचिन दलाल, संदीप अहलावत, प्रतिनिधि सिकंदर मौजूद रहे।

■ **पार्षद बोले, सोमवार को जनता के साथ एक्सईएन से करेंगे मुलाकात**

## अवैध प्लास्टिक फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध : उपायुक्त

**बहादुरगढ़।** जिले में अवैध रूप से संचालित प्लास्टिक फैक्ट्रियों और उनसे उत्पन्न पर्यावरणीय एवं जनस्वास्थ्य खतरों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत अवैध प्लास्टिक यूनिटों के खिलाफ सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। ये आदेश परनाला, निजामपुर रोड, बामड़ोली, कानौंदा, खैरपुर, लडरावन, सिद्धीपुर, लोवा कलां और लोवा खुर्द क्षेत्रों में प्रभावी रहेंगे।



जिलाधीश के आदेशानुसार, इन क्षेत्रों में आवासीय व कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित प्लास्टिक औद्योगिक गतिविधियों तथा प्लास्टिक जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। गैरकानूनी तरीके से लिए गए बिजली कनेक्शनों के माध्यम से फैक्ट्रियों का संचालन करना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

इन आदेशों को सख्ती से लागू कराने के लिए डीसीपी (मुख्यालय), डीसीपी बहादुरगढ़, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर, एसई यूएचबीवीएनएल, जिला नगर योजनाकार व नगर परिषद बहादुरगढ़ के कार्यकारी अधिकारी को आदेशों की सतत निगरानी, पालन और उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश आगामी दो माह, 29 अगस्त 2025 तक प्रभावी रहेंगे।

---

## ठगी के आरोप में दो महिलाएं काबू

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड पर एक निजी स्कूल के पास महिला से ठगी करने के मामले में पुलिस ने महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों महिला आरोपी जेल भेज दी गई हैं। मामले में इससे पहले भी दो आरोपी हिरासत में लिए जा चुके हैं। दरअसल, नेहरू पार्क की एक महिला 28 अप्रैल को किसी काम के सिलसिले में बाजार जा रही थी। जब वह पुराना कोर्ट मोड़ के सामने स्थित एक स्कूल के पास पहुंची तो




एक औरत और आदमी ने उसको रोक लिया। बातों में उलझा कर कानों के बाले उतरवा ले गए। मामले में जांच करते हुए पुलिस ने अब दो महिलाएं पकड़ी हैं। दोनों दिल्ली की रहने वाली हैं। इससे पहले पुलिस दो व्यक्तियों को मामले में गिरफ्तार कर चुकी है।

## वियतनाम में रोहद के पहलवान अर्जुन रुहल ने जीता गोल्ड मेडल




**बहादुरगढ़।** गांव रोहद के पहलवान अर्जुन रुहल ने वियतनाम में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में देश का परचम लहरा दिया। फाइनल में मंगोलिया के पहलवान को 14-2 के अंतर से हराकर अर्जुन ने देश के लिए गोल्ड मेडल जीता। उसकी जीत पर कोच, परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। गत 18 से 26 जून तक वियतनाम में यह चैंपियनशिप हुई थी। गांव रोहद के निवासी अर्जुन रुहल ने अंडर 17 के 92 केजी फ्री स्टाइल में दमखम दिखाते हुए जीत दर्ज की। अपनी तमाम कुश्तियां एकतरफा जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में मंगोलिया के पहलवान को परास्त कर देश की झोली में गोल्ड मेडल डाला।

■ **हिंद केसरी सोनू अखाड़े के तीन पहलवानों ने जीते हैं गोल्ड मेडल**

वियतनाम में इस चैंपियनशिप में मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवानों का दबदबा देखने को मिला। इस अखाड़े के तीन पहलवानों ने अपने वर्ग में गोल्ड जीते हैं। अंडर-23 के 63 केजी ग्रीको रोमन वर्ग में मांडोठी के सुमित दलाल ने गोल्ड जीता। वहीं 110 केजी ग्रीको में बामड़ोली के हरदीप छिल्लर ने गोल्ड पर कब्जा जमाया। इसी तरह अर्जुन ने 92 केजी फ्री स्टाइल में गोल्ड जीता है। ये तीनों पहलवान अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल की देखरेख में अभ्यास करते हैं। कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि तीनों पहलवान बेहद होनहार हैं। इन्होंने मेडल जीतकर पूरे देश का नाम रोशन किया है। अखाड़े में इनको सम्मानित किया जाएगा।

---

विद्यार्थी फीस डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन भी भर सकेंगे

# स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट के दाखिले शुरू, तीस जून तक जमा होगी फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए आदि स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट के दाखिले शुरू हो गए हैं। फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 जून है। फीस डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन भरी जा सकती है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि फीस भरने के लिए विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रवेश पोर्टल पर लॉग इन करना होगा। फीस भरने के बाद विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए कॉलेज में उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि दूसरी मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को जारी होगी। ओपन काउंसलिंग नौ जुलाई से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि खाली सीटों को भरने के लिए एडमिशन पोर्टल भी दस जुलाई को दोबारा खुलेगा।



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में दस्तावेजों की जांच करवाते हुए विद्यार्थी।

**दस्तावेजों की जांच जरूरी:** डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आया है और वे एडमिशन लेने के इच्छुक हैं, उनके सभी प्रमाण पत्रों की कॉलेज में जांच होगी और उनको अपने प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी कॉलेज में जमा करवानी होगी। इसलिए विद्यार्थी अपने ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म की हार्ड कॉपी, फोटोग्राफ, सभी मूल प्रमाण पत्र और उनकी फोटोकॉपी साथ लेकर आएं।

### 29 विद्यार्थियों ने करवाई फीस जमा

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज में यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए 1567 आवेदन किए गए थे। इन सीटों पर दाखिलों के लिए वीरवार को 556 विद्यार्थियों की पहली मेरिट लिस्ट जारी की थी। इनमें बीए के 272, बीएससी फिजिकल साइंस के 42, बीएससी लाइफ साइंस के 50, बीएससी गणित के 33, बीकॉम के 30, बीसीए के 74 तथा बीबीए के 55 विद्यार्थियों की जारी की गई थी। नेहरू कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में अब तक 29 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा करवाई है। शुक्रवार को कई विद्यार्थी दाखिले की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने के लिए कॉलेज में उपस्थित हुए।

## मीट की अवैध दुकानों को नप ने सील किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद की ओर से अवैध मीट की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शुक्रवार को नाहरा नाहरी फ्लाईओवर के नीचे मौजूद मीट की चार दुकानें सील कर दी गई। दरअसल, बहादुरगढ़ में कई जगहों पर आबादी के बीच मीट की अवैध दुकानें हैं।

### शिकायत पर कार्रवाई

इनके खिलाफ लोगों द्वारा शिकायतें दी जाती हैं। समय समय पर नगर परिषद कार्रवाई करती है लेकिन कुछ दिन बाद फिर वही हालात बन जाते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को फ्लाईओवर के नीचे मौजूद दुकानों पर टीम ने दस्तक दी। दुकानदारों को चेतावनी देने के बाद उनकी दुकानें सील कर दी गई। इस दौरान अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**नाहरा नाहरी फ्लाईओवर के नीचे परिषद की कार्रवाई**



**बहादुरगढ़।** दुकान सील करता एक नगर परिषद का कर्मचारी।



सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।



# अच्छी जॉब चाहिए तो सीखनी होगी अच्छी स्किल



नॉलेज


**यंगभूमि डेस्क**

आजकल जमाना काफ़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी सामने आ रही है। ऐसे में मनुष्य का भी नई टेक्नोलॉजी के अनुसार ढलना जरूरी है। अब ऐसा नहीं है कि आपने कोई भी पढ़ाई की और आराम से नौकरी मिल जाएगी। अब विद्यार्थियों को नौकरी लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। नौकरी लेने के लिए अब पढ़ाई नहीं बल्कि स्किल होनी चाहिए। आपको जॉब देने वाले लोग देखेंगे कि आपके अंदर किसी काम को करने के लिए कितना कौशल है। आप किस प्रकार किसी भी कम को करते हैं या समझते हैं और उसे कितने तरीके से कर सकते हैं।

## कौशल होना जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग :** आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। हर कोई मोबाइल और इंटरनेट पर अपना पूरा समय व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा माध्यम है जहां मशीन आपके अनुसार कार्य करती है। आने वाले वक़्त में पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर उपयोग करेगी। इस कारण आज के समय में अगर आप एक ऐसी नौकरी पाना चाहते हैं जिनकी मांग बहुत ज्यादा हो, कंपटीशन कम हो और ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले तो आपको आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करना चाहिए। यह कोर्स आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते है। किसी भी संस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने के लिए सबसे पहले आपको पूरी जानकारी एकत्रित कर लेनी है।

## मशीन लर्निंग



आज के डिजिटल दौर में अलग-अलग कंप्यूटर व अलग-अलग तरह की मशीन बनाई जा रही है। यही वजह है कि मशीन लर्निंग की मांग काफी तेज हो चुकी है। इसके लिए आपको अलग-अलग कंप्यूटर लैंगवेज की समझ होनी चाहिए। मशीन लर्निंग के बारे में अच्छे से समझ कर आप अच्छी कमाई कर सकते है। बहुत सारी कंपनी में मशीन लर्निंग का काम करने वाले कर्मचारी को अच्छी सैलरी दी जाती है। इस समय भी इसकी काफी ज्यादा डिमांड है और इस क्षेत्र में कंपटीशन भी नहीं है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से मशीन लर्निंग के बारे में जान सकते है और ज्यादा से ज्यादा कंप्यूटर लैंग्वेज सीखकर मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तरक्की कर

## ये योग्यताएं भी होना बहुत जरूरी

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज से कुछ वक्त पहले कंप्यूटर में जानकारी को स्टोर करने की प्रोसेस थोड़ी अलग थी और अब लोगों की संख्या बढ़ाने और हैकिंग होने के कारण क्लाउड कंप्यूटिंग दिन प्रति दिन पॉपुलर हो रहा है। जानकारी को एकत्रित रखने का एक शानदार माध्यम है जो आपकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर को हल्का रखता है। अगर आप इस दौर में में कोई ऐसी नौकरी चाहते हैं जहां कंपटीशन कम हो और आपकी काबिलियत के अनुसार आपको हाई सैलरी वाली जॉब मिल सके तो आज के समय में हर बच्चे को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

### ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी

पिछले समय से आपने बिटकॉयन के बारे में काफ़ी सुना होगा। यह एक करेंसी है जो ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी पर चलती है। यही कारण है कि बिटकॉइन को कोई एक संस्था कंट्रोल नहीं करती है यह टेक्नोलॉजी इस कारण से लोगों के बीच काफी विख्यात हुई है और इस टेक्नोलॉजी को अन्य क्षेत्र में भी उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। आगामी समय में ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी का प्रयोग लगभग सभी संस्थाओं में किया जाएगा। अगर आप भी अच्छा पैसा कमाना चाहते है और अच्छी जॉब लेना चाहते है तो इसके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और इसके बारे में अच्छी तरह समझे। इसके लिए आपको ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी स्किल पर पूरा कमांड प्राप्त करना होगा।

### फाइनेंस मैनेजर

फाइनेंस के क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे कोर्स हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। जितनी जल्दी जमाना ग्रोथ कर रहा है लोगों की खरीदने की आदत उतनी गति से तेज हो रही है। पहले की अपेक्षा आज लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।



## आपके विदेश जाने के सपनों को भी कर सकते हैं पूरा

# विदेश में मिलेगा लाखों का पैकेज, भारी डिमांड वाले ये कोर्स बनाएंगे करियर

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

## फाइनेंस फील्ड में 60 लाख सालाना तक वेतन

विदेश में नौकरी का सपना हर युवा देखता है, लेकिन कम ही लोग विदेश में नौकरी कर पाते हैं। यदि आप भी विदेश में अच्छी नौकरी करके लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो यह इंफरमेशन आपके लिए ही है। आपको 12वीं के बाद ऐसे कोई कोर्स करना चाहिए, जिसकी विदेशों में भी काफी डिमांड रहती है। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग, बीमा विज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइन्स, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, मरीन इंजीनियरिंग, मीडिया और एनिमेशन कोर्स की डिमांड ज्यादा है। ऐसे कई कोर्स है जो लाखों की कमाई के साथ अच्छा करियर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही विदेश जाने का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

### मेकेनिकल इंजीनियर

विदेशों में टेक्निकल लोगों की काफी डिमांड है। खासकर मशीनरी और उसके पार्ट्स को डिजाइन और डवलप करने का काम करने वाली कंपनियों में काफी जॉब है। इसमें मैन्यूफैक्चरिंग



प्रोसेस की देखरेख करने का भी काम होता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स की सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में है। यहां मैकेनिकल इंजीनियर को सालाना 56 लाख रुपए की सैलरी पर आसानी से नौकरी मिल जाती है।

### कंप्यूटर साइन्स

कंप्यूटर के युग में नई-नई टेक्नालॉजी आ रही है, कंप्यूटर सिस्टम में नए-नए एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। ऐसे में कंप्यूटर साइंस कोर्स आपको अच्छे पैकेज वाली नौकरी विदेश में दिलवाएगा। विदेशों में साइबर फ्राड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं, ऐसे में वहां कंप्यूटर साइंस की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। कंप्यूटर साइन्स में कंप्यूटर सिस्टम और उसके नेटवर्क की सुरक्षा करना, डाटा को हैकिंग से बचाना और साइबर क्राइम से प्रोटेक्शन करना सिखाया जाता है। कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स खासकर भारतीय स्टूडेंट्स की काफी डिमांड विदेशों में ज्यादा रहती है। इस कोर्स के बाद आप अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, जर्मनी और इजरायल में जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज भी 61 लाख से अधिक का मिल सकता है।



### बीमा विज्ञान

यदि आप बीमा विज्ञान के क्षेत्र में कोर्स कर रहे हैं तो निश्चित ही आप विदेश में नौकरी करेंगे। क्योंकि इसकी काफी डिमांड विदेशों में बढ़ गई है। वित्त के क्षेत्र में बीमा के लिए सांख्यिकी, रिस्क और मॉडलिंग के साफ्टवेयर, तकनीकों का इस्तेमाल इस कोर्स में होता है। इंश्योरेंस साइंस में कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आसानी से जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज 65 लाख से ज्यादा हो सकता है।

### सिविल इंजीनियरिंग

भारत के सिविल इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स की डिमांड भी विदेशों में इसलिए है क्योंकि भारत के इस कोर्स में पब्लिक, प्राइवेट सेक्टर्स में सड़क, भवन, बिल्डिंग्स एयरपोर्ट, सुरक्षा के लिए निर्माण और जलापूर्ति का डिजाइन करना इस कोर्स के अंतर्गत आता है। और, इसी की डिमांड यूएई, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में काफी है। क्योंकि इन देशों में लगातार विस्तार हो रहा है। सैलरी का पैकेज भी 55 लाख सालाना मिलता है।

### बायोमेडिकल इंजीनियरिंग

यदि आप बायोमेडिकल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए भी विदेश में नौकरी के काफी अवसर मिलेंगे। मेडिकल के क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्किल्स का उपयोग और हेल्थकेयर में उपयोग होने वाले उपकरण तैयार करने, डिजाइन और उन पर रिसर्च करना, इस कोर्स का हिस्सा है। इसके बाद आपको न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, यूके और कनाडा में 58 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर नौकरी मिल सकती है।



### फार्मास्यूटिकल साइन्स

कोरोना काल के बाद यह सेक्टर काफी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इन दिनों भी डिमांड लगातार बढ़ रही है। फार्मास्यूटिकल साइन्स का कोर्स आपका करियर बना देगा। इसमें नई-नई दवाओं को विकसित करना, उनकी टेस्टिंग करना और उन्हें मैन्यूफैक्चर करने का काम सिखाया जाता है। इस कोर्स के बाद आपको कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में 60 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर नौकरी आसानी से मिल सकती है।

### डिजिटल मार्केटिंग

कोरोना काल के बाद अब लोग डिजिटल तरीकों से ज्यादा काम करने लगे हैं। कई कंपनियां भी डिजिटल मार्केटिंग पर जोर दे रही हैं। यही कारण है कि अब सभी प्लानिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखकर की जाने लगी है। इनमें सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स के जरिए भी काम होने लगा है। देश ही नहीं विदेशों में भी मैनेजर और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स जैसे प्रोफेशनल्स की मांग काफी बढ़ रही है। यह फील्ड क्रिएटिव वर्क के साथ ही अच्छी-खासी सैलरी भी दे रही है।

### डाटा एनालिटिक्स

कई कंपनियां डाटा एनालिटिक्स की भी भर्ती करती है। क्योंकि डाटा के जरिए कंपनी सेल्स स्ट्रेटेजी के जरिए कंपनी को आगे बढ़ा सकती है। इसका कोर्स भी युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। डाटा साइंटिस्ट की मांग विदेशों में ज्यादा बढ़ गई है। लाखों का सालाना पैकेज भी कंपनियां दे रही हैं। गणित, स्टेटिस्टिक्स और कंप्यूटर एप्लिकेशन के स्टूडेंट्स डाटा साइंटिस्ट या डाटा एनालिटिक्स का कोर्स कर विदेशों में नौकरी आसानी से पा सकते हैं।

### मरीन इंजीनियरिंग

यदि आप मरीन क्षेत्र में नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह इसका कोर्स आपको बेहतरीन करियर बनाने में मदद करेगा। मरीन इंजीनियरिंग कोर्स कर आप देश-विदेश के मरीन फिल्म में नौकरी कर सकते हैं। मरीन इंजीनियरिंग का काम करने वाले युवा जहाज की मरम्मत करने और उसकी देखरेख का काम करते हैं। इसमें भी लाखों रुपए का पैकेज मिलता है।

### मीडिया और एनिमेशन कोर्स

जर्नलिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और ब्रांड एनिमेशन में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स भी विदेशों में जॉब कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए सबसे जरूरी है क्रिएटिव स्किल्स। इसमें एनिमेशन की डिमांड है, विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस कोर्स के बाद काफी जॉब विदेशी कंपनियों में निकल रहे हैं। सैलरी भी काफी आकर्षक है। इस कोर्स के जरिए आप अपना बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं, देश में रहकर या विदेश में रहकर भी आप अच्छा पैकेज पर जॉब कर सकते हैं।

# नकारात्मकता को अपनी ताकत बनाकर मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

जीवन में कई बार हम ऐसे माहौल में फंस जाते हैं, जहां नकारात्मकता हमारा हौसला तोड़ने की कोशिश करती है। चाहे वह पढ़ाई का दबाव हो, दोस्तों या परिवार की आलोचना, असफलता का डर, या समाज की नकारात्मक सोच, ये सभी हमारे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, यह याद रखें कि आपकी ताकत आपके भीतर है। नकारात्मक माहौल को न केवल सहन किया जा सकता है, बल्कि उसमें भी आप मजबूती के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आइए, जानते हैं कि कैसे आप नकारात्मकता को अपनी ताकत में बदल सकते हैं। नकारात्मक माहौल तब सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। अपने सपनों को हमेशा सामने रखें। चाहे लोग आपको कितना भी निराश करें, यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी प्रेरणा है। हर सुबह अपने आप से पूछें, "मैं यह क्यों कर रहा हूँ?"

## अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें

**अपने जवाब को ही अपनी ढाल बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप एक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो नकारात्मक टिप्पणियों को अनदेखा करें और अपने अध्ययन पर ध्यान दें।**

**सकारात्मक सोच को अपनाएं :** नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सोच आपका सबसे बड़ा हथियार है। हर दिन अपने आप को कुछ सकारात्मक बातें कहें, जैसे "मैं मेहनती हूँ" "मैं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हूँ।" नकारात्मक लोगों की बातों को सुनें, लेकिन उन्हें दिल से न लगाएं। इसके बजाय, उनसे प्रेरणा लें कि आपको और बेहतर करना है। सकारात्मक किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियाँ सुनें, और अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें।

**अपने समय का सही उपयोग करें :** नकारात्मक माहौल में समय बर्बाद करना सबसे आसान होता है। लोग आपको हतोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन आपका समय आपका है। इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। पढ़ाई, खेल, और आत्म-विकास के लिए समय निकालें। जब आप अपने समय का सही उपयोग करते हैं, तो नकारात्मकता आपके दिमाग में जगह नहीं बना पाती।

**सही लोगों का साथ चुनें :** आपके आसपास के लोग आपके विचारों और भावनाओं को बहुत प्रभावित करते हैं। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, जो आपका हौसला बढ़ाते हैं। अगर आपके दोस्त या सहपाठी लगातार नकारात्मक बातें करते हैं, तो उनसे दूरी बनाएं। ऐसे गुरु, दोस्त, या परिवार के सदस्यों का साथ चुनें जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**असफलता को सीखने का अवसर बनाएं :** नकारात्मक माहौल में अक्सर असफलता का डर हमें कमजोर करता है। लेकिन असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हर गलती से सीखें। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय यह विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता देखी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आप भी अपनी असफलताओं को अपनी ताकत बनाएं।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** नकारात्मक माहौल में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। रोजाना व्यायाम करें, योग या ध्यान का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखता है और तनाव को कम करता है। अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें, और अपने शौक को समय दें। जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो नकारात्मकता का आप पर कोई असर नहीं होगा।

### आभार व्यक्त करें

नकारात्मक माहौल में भी कुछ न कुछ अच्छा जरूर होता है। हर दिन इसके लिए आभार व्यक्त करें। उदाहरण के लिए, आपके पास पढ़ने का अवसर है, एक परिवार है, या दोस्त हैं जो आपका साथ देते हैं। आभार की भावना आपको सकारात्मक बनाए रखती है और नकारात्मकता को दूर भगाती है।

**खुद पर भरोसा रखें :** सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद पर भरोसा करें। आप में वह ताकत है जो किसी भी नकारात्मक माहौल को पार कर सकती है। लोग जो कहते हैं, वह उनकी सोच है, आपकी हकीकत नहीं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और हर कदम पर खुद को प्रोत्साहित करें। आपके पास वह शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती है। बस उस शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें। यह शक्ति आपके आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच में छिपी है। नकारात्मक माहौल या चुनौतियाँ आपको रोक सकती हैं, लेकिन अगर आप अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें, तो कोई भी बाधा आपको नहीं हरा सकती। हर छात्र के भीतर एक अनमोल ऊर्जा है, जो सही दिशा में उपयोग करने पर न केवल आपके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज और दुनिया को भी बेहतर बना सकती है। इस शक्ति को पहचानें, अपने सपनों को पंख दें, और हर कदम पर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती है ?
(ए) अरुणाचल प्रदेश
(बी) मेघालय
(सी) पश्चिम बंगाल
(डी) सिक्किम

**2.** कौन - सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को दो लगभग बराबर भागों में विभाजित करता है ?
(ए) 23°30' दक्षिण
(बी) 23°30' उत्तर
(सी) 0 डिग्री
(डी) 33°30' उत्तर

**3.** भारत का सुदूर पश्चिम का बिंदु है -
(ए) 23°7' पश्चिम, गुजरात में
(बी) 68°7' पश्चिम, राजस्थान में
(सी) 68°7' पूर्व, गुजरात में
(डी) 68°7' पूर्व, राजस्थान में

**4.** अरावली एवं विंध्य शृंखलाओं के मध्य कौन - सा पठार स्थित है ?
(ए) मालवा का पठार
(बी) छोटानागपुर का पठार
(सी) दक्कन का पठार
(डी) प्रायद्वीपीय पठार

**5.** सिलवासा राजधानी है -
(ए) दमन एवं दीव की
(बी) दादरा एवं नगर हवेली की
(सी) लक्षद्वीप की
(डी) अरुणाचल प्रदेश की

**6.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा सर्वाधिक है ?
(ए) गुजरात
(बी) महाराष्ट्र
(सी) केरल
(डी) तमिलनाडु

**7.** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को क्या कहा जाता है ?
(ए) तराई
(बी) दून
(सी) खादर
(डी) भावर

**8.** कोरी निवेशिका जिस पर स्थित है, वह है -
(ए) कच्छ की खाड़ी
(बी) खम्भात की खाड़ी
(सी) कच्छ का लिटिल रन
(डी) कच्छ का रन

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(सी)

शुक्रवार को ठेकेदार भी पहुंचे कर्मचारियों को मनाने लेकिन नहीं बनी बात

# बोले कर्मचारी : बकाया वेतन नहीं मिलने तक काम रहेगा बंद



झज्जर। कर्मचारियों को मनाने का प्रयास करते हुए ठेकेदार। फोटो : हरिभूमि

■ डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के कार्य में लगे कर्मचारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के कार्य में लगे कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उन्हें उनका बकाया वेतन नहीं मिलेगा तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। ऐसे में शुक्रवार को भी कर्मचारियों ने अपना काम बंद रखा। हालांकि अलसुबह ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों को मनाने का प्रयास भी किया गया लेकिन वे नहीं माने। कर्मचारी अब इस बात को लेकर भी चिंतित है कि इस माह के समाप्त होते ही ठेकेदार का टेंडर भी समाप्त हो जाएगा। जिस कारण उनका तीन माह का वेतन भी रुक जाएगा। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारी रोहित बिड़लान, मुकेश चंदा, धर्म कांगड़ा, शिव कुमार, राजेंद्र काटीवाल, राजकुमार, रवि चंदा, जोगेंद्र, सतीश, अमन, सागर, अमित, विक्की, सन्नी, राजेश, बादल, वीरेंद्र आदि ने बताया कि अपने दो माह के बकाया वेतन की मांग करते हुए अब तीसरा माह भी गुजरने को है लेकिन अभी तक उन्हें वेतन नहीं दिया गया। बगैर किसी वेतन के घर चलाना मुश्किल हो रहा है जिस कारण कर्मचारियों में रोष है। बुधवार तक वेतन दिए जाने के वादे के बाद भी नहीं माने कर्मचारी : डोर-टू-डोर उठान कार्य के एजेंसी संचालक राहुल मलिक ने बताया कि उन्होंने कर्मचारियों को बुधवार तक वेतन दिए जाने का वादा करते हुए उनसे काम शुरू करने का आग्रह किया लेकिन वे नहीं माने और काम सुचारू नहीं हो पाया। उनके बिल पास न होने के कारण उन्हें परेशानी आ रही है। कर्मचारियों को उनका बकाया वेतन शीघ्र देने के लिए वे भी प्रयासरत हैं।

## लंबित मांगों को लेकर मिड-डे- मील वर्कर्स ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

झज्जर। शुक्रवार को अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन जिला प्रधान निर्मला ने की जबकि संचालन जिला सचिव सरोज दुजाना ने किया। जिला सचिव सरोज दुजाना ने बताया कि उन्हें बकाया मानदेय अभी तक नहीं मिला है। उनका बकाया व कटा हुआ मानदेय तुरंत जारी किया। बच्चे कम होने या स्कूल मर्ज किए जाने पर उन्हे नौकरी से न हटाया जाए। हटाई गई वर्कर्स को अन्य स्कूलों में समायोजित करते हुए फिर से काम पर लिया जाए। उनका न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये किया जाए। इसके अलावा मिड-डे-मील कुक को वर्ष भर में केवल दस माह मानदेय दिया जाता है जबकि शिक्षा विभाग के सभी कर्मियों को 12 महीने वेतन मिलता है। ऐसे में उन्हें भी बारह माह का मानदेय मिलना चाहिए। जिलाध्यक्ष निर्मला ने बताया कि उनकी यूनियन की मुख्य मांगों में सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष तथा सेवानिवृत्ति पर दो लाख रुपये का लाभ दिया जाए, वर्दी भत्ते को दो हजार रुपये किया जाए, किसी भी मिड-डे-मील वर्कर के दुर्घटना में घायल होने पर इलाज की व्यवस्था की जाए। मृत्यु होने पर आश्रितों को कम से कम पांच लाख रूपये मुआवजा मिले। 12वीं कक्षा तक के सभी बच्चों को मिड-डे-मील योजना के दायरे में लाया जाए। उन्हें पक्का कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तथा 45वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करते हुए उन्हें ईएसआई व पीएफ में कवर किया जाए व सामाजिक सुरक्षा लाभ दिए जाने की मांग शामिल है। इसके उपरांत सभी मिड-डे-मील वर्कर्स प्रदर्शन करते हुए डीईओ कार्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंची। यहां पहुंच कर उन्होंने डीईओ कार्यालय प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उपप्रधान प्रेमलता, सावित्री बादली, कमलेश चांदौल, अनीता खानपुर, सुनीता दूबलधन, शीला भापड़ौदा, सुनीता खेड़ी आसरा व सुनीता खोरड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। डीईओ कार्यालय के समक्ष नारेबाजी करते हुए मिड-डे-मील वर्कर्स।

# नशा मुक्ति पखवाड़े के तहत आमजन को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक

■ नशा तस्करों पर की कार्रवाई : डॉ. राजश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। डॉक्टर राजश्री सिंह, जिला पुलिस आयुक्त। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति पखवाड़ा के तहत 12 जून से 26 जून तक आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। पुलिस द्वारा शहरी, ग्रामीण, शैक्षणिक और औद्योगिक संस्थानों में जाकर आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत पुलिस के अलग-अलग टीमों ने नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा किस प्रकार हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है। नशे से केवल एक व्यक्ति का ही नहीं बल्कि उसके परिवार व समाज का भी नुकसान होता है तथा हमारा जीवन अंधकार में डूब जाता है। इसलिए इससे बचकर रहें और अपने परिचितों को भी इससे बचाए।

***नशा तस्करों पर भी की पुलिस ने कार्रवाई:*** प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस जहां आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक कर रही है वही नशीले पदार्थों की खरीद फिरौख्त करने के मामले में आरोपियों पर भी कड़ी कार्रवाई कर रही है। इस विशेष अभियान के दौरान जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिलेभर में अवैध नशीला पदार्थ रखने के मामले में सात आपराधिक मामले दर्ज करके आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे नशीला पदार्थ चरस 626 ग्राम, गांजा 3.017 किलोग्राम, अफीम 276ग्राम स्मैक 12ग्राम 580 मिलीग्राम बरामद हुआ। जिनके खिलाफ संबंधित थानों में नियमानुसार मामले दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

***पुलिस आयुक्त ने की आमजन से अपील :*** पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने आस-पास के लोगो को नशे से होने वाले नुकसान के बारे बताए एवं नशीले पदार्थ बेचने वाले लोगों की जानकारी पुलिस को दें। जिससे जिले को नशामुक्त जिला बनाया जा सके।

## क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किया जागरूक



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। एमआर स्कूल हसनपुर में जीवन कौशल विषय पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकुला द्वारा एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान द्रोणाचार्य स्कूल मुबारिकपुर के शैक्षणिक निदेशक विकास यादव ने कहा कि जीवन कौशल विकसित करना एक छात्र के समग्र विकास का एक अनिवार्य हिस्सा है। ये सिर्फ शैक्षणिक दक्षताएं नहीं हैं बल्कि उन्हें जीवन की जटिलताओं से निपटने में मदद करने के लिए उपकरण हैं। कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और भावनात्मक लचीलेपन को भी संबोधित करता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे स्कूल शैक्षिक तरीकों में नवाचार करना जारी रखते हैं, वैसे-वैसे ही जीवन कौशल क्षमता निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों को एक पूर्ण व्यक्ति बनने में मदद करने का वादा करती है। उन्होंने अपने जीवन कौशल तकनीकों को साझा करके शिक्षकों की क्षमताओं का विकास किया। इस मौके पर संस्थान की प्राचार्या संगीता कोडान ने विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ मिलकर प्रशिक्षक विकास यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# एसडीएम ने सीएम विंडो से जुड़ी शिकायतों का जल्द समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

सीएम विंडो, जनसंवाद प्रदेश सरकार के फलैगशिप प्रोग्राम है। जिसके माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ित को अविलंब राहत मिल सके। यह निर्देश एसडीएम रेणुका नांदल ने शुक्रवार को लघुसचिवालय परिसर में आयोजित अधिकारियों की बैठक में सीएम विंडो, एसएमजीटी, सीपी ग्राम, जनसंवाद, समाधान शिविर आदि सेवाओं की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जरूरी सेवाओं और योजनाओं का बेहतर क्रियांवयन निर्धारित समय सीमा के भीतर हो। सीएम विंडो, सीपीग्राम व एसएमजीटी के माध्यम से आने वाली शिकायतों का समाधान करते हुए निर्धारित पोर्टल पर एटीआर तुरंत अपडेट करें। इस अवसर पर तहसीलदार सृष्टि दुहन,नपा सचिव पूजा साहू सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एसबीआई के 70वें स्थापना दिवस पर शिविर में 57 यूनिट रक्तदान

बहादुरगढ़। भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एम्स बाढ़सा के संयुक्त सहयोग से बहादुरगढ़ शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धनश्वर कुमार शर्मा (आईजी रिटायर्ड, बीएसएफ) द्वारा किया गया।

मुख्य प्रबंधक मुकेश शर्मा, सहायक प्रबंधक राजत सैनी), जसबीर शर्मा सहित बैंक स्टाफ व आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। कुल 57 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

एसबीआई परिवार ने सभी रक्तदाताओं के इस मानवता भरे योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

डीएवी विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

# नई तकनीक के साथ पढ़ाने की विधि पर दिया जोर



बहादुरगढ़। कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर 6 स्थित डीएवी विद्यालय के प्रांगण में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के जोन बी, जी, ई के 16 विद्यालयों से 220 अध्यापकों व छह प्रिंसिपल ने भाग लिया। इसमें नर्सरी कक्षा से दसवीं कक्षा तक सभी विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यापकों को अपने विषय को नई तकनीक के साथ पढ़ाने की विधि पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास तथा उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए अध्यापकों को तैयार करना रहा। कार्यशाला का उद्घघाटन डीएवी विद्यालय हरियाणा जोन बी, जी, ई के एआरओ वीके मित्तल द्वारा किया गया। डीएवी रोहतक से शंकर लाल, डीएवी भिवानी से जगदीप कौर, डीएवी गन्नौर से सुनील शर्मा, डीएवी सोनीपत से सविता धनखड़, डीएवी नारनौल से राजेश कुमार आदि कार्यक्रम में मौजूद थे। प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने एआरओ सहित सभी प्रधानाचार्यों, विषय विशेषज्ञों तथा अध्यापकों का धन्यवाद किया।

## आगामी दो दिनों तक रहेगा कांग्रेसी पर्यवेक्षकों का झज्जर प्रवास

झज्जर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा झज्जर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के चयन के लिए नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक अब 29 जून से एक बार फिर झज्जर के दौरे पर हैं। बता दें कि कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए संगठन के नवसृजन अभियान में जिला कांग्रेस के लिए एआईसीसी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी पूर्व लोकसभा सांसद जगदीश ठाकुर व पीसीसी पर्यवेक्षक की जिम्मेवारी पूर्व विधायक राव दान सिंह, जय भगवान अंतिल व वर्धन यादव को सौंपी गई हैं। वे झज्जर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में दिनांक 29 जून को बारह बजे से लेकर चार बजे तक व 30 जून को बारह बजे से लेकर तीन बजे तक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से लेकर विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से रायशुमारी करते हुए फीडबैक हासिल करेंगे। इस दौरे के बाद पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट सब्मिट करेंगे।

## डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी पूर्व विधायक के हत्यारे गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



शीला नफे सिंह राठी

इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक स्व. नफे सिंह राठी की हत्या को डेढ़ साल बीत गए हैं। लेकिन अब तक उनके हत्यारे व साजिशकर्ता कानून की गिरफ्त से बाहर हैं। मामले में सीबीआई के हाथ भी खाली हैं। हत्यारों की गिरफ्तारी न होने से परिवार व समर्थकों में नाराजगी है। स्व. नफे सिंह राठी की पत्नी शीला राठी का कहना है कि भाजपा राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। प्रदेश में हत्या, फिरौती, लूटपाट, चोरी जैसी आपराधिक वारदातें चरम सीमा पर है। इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. नफे सिंह राठी की सरेआम बदमाशों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी लेकिन आज भी उनके हत्यारें कानून की गिरफ्त से बाहर हैं। यहां तक कि साजिशकर्ताओं का भी खुलासा नहीं हो पाया है। इतने बडे नेता की हत्या होने के बाद उनके हत्यारों व साजिशकर्ताओं का ना पकडे जाने भाजपा की नाकामी को दर्शाता है, क्योंकि हत्यारों व साजिशकर्ताओं को खुले तौर पर सरकार का संरक्षण प्राप्त है। स्व. नफे सिंह के असली साजिशकर्ता व हत्यारे गिरफ्तार होने चाहिए, ताकि परिवार को न्याय मिल सके।

## अंबेडकर भवन में आम सभा छह जुलाई को

बहादुरगढ़। आगामी छह जुलाई को डॉ. अंबेडकर भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा की आम बैठक होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रशासक सोरन सिंह सहरावत ने बताया कि पिछले काफी समय से सभा का चुनाव लंबित है। चुनाव को निष्पक्ष रूप से कराने के लिए उन्हें सभा का प्रशासक नियुक्त किया गया है। इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले हम सभी सदस्यों से संवाद करना चाहते हैं। इसलिए सभी सदस्यों के सुझावों, अपेक्षाओं से अवगत होना चाहते हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित तथा प्रभावी बनाया जा सके। इसी उद्देश्य से आगामी छह जुलाई को आमसभा बुलाई गई है। ज्यादा से ज्यादा सदस्य इस आमसभा में पहुंचे।

# भाजपा को झूठ की दुकान चलाने वाली पार्टी बताया

**भाजपा सरकार में बढ़ी रही महंगाई और बेरोजगारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



राजेश कल्सन

कांग्रेस कार्यकर्ता राजेश कल्सन ने कहा कि भाजपा केवल झूठ की दुकान चलाने वाली पार्टी है। यह जनता से केवल झूठे वादे करती है। चुनाव से पहले बिजली के दाम कम करने, रोजगार देने, महिलाओं के खाते में 2100 रुपये डालने, बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने सहित कई वादे किए थे। लेकिन सरकार बनने के बाद उन वायदों को न केवल भूल गई है बल्कि महंगाई बढ़ाकर जनता की कमर और तोड़ रही है। महंगाई और बेरोजगारी तो भाजपा सरकार में बढ़ी ही है, इनके अलावा अपराध भी बढ़ गया है। कानून व्यवस्था का दिवाला पिट गया है। आए दिन हत्याएं, लूटपाट हो रही हैं। विकास के मामले में प्रदेश पिछड़ रहा है। न सड़कें ठीक हैं और न ही नाले, नालियां दुरुस्त हैं। जो एकाध काम कराते हैं, उनमें भी बंदरबांट हो रही है। भाजपा सरकार से आम जनता बिलकुल तंग हो गई है।

## विकास शिविर में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



बहादुरगढ़। विजेता प्रतिभागियों के साथ फाउंडेशन के सदस्य व पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतरगत चल रहे व्यक्तित्व विकास शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक विभाग के विभाग प्रचारक प्रदीप, झज्जर जिले के जिला प्रचारक राहुल, सूर्या फाउंडेशन के वाइस चैयरमैन हेमंत शर्मा, आदर्श ग्राम योजना प्रमुख प्रमोद आसरे, नरेश कुमार सिंगला प्लांट हेड, नीरज गुप्ता जीसीआर हेड, सीएस शर्मा, संजय कुमार व सीसीओ शिरकत की। इस 10 दिवसीय शिविर में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर सत्र लिए। सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में भव्य ने प्रथम, शुभम ने द्वितीय और नीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में सोनू ने प्रथम, महिमा ने द्वितीय और आरुषि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट ग्रुप प्रतियोगिता में अहिल्या ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और सार्थक तथा निधि को बेस्ट कैंपर का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर सूर्या फाउंडेशन से जोन प्रमुख शिव कुमार राजवाड़े, हरियाणा क्षेत्र प्रमुख कवल कुमार, स्वरोजगार प्रमुख श्याम, शिक्षक विनोद, मोहित दीपक आदि मौजूद रहे हैं।

# 22 गांवों के सरपंचों ने की मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राजा राव तुलाराम के नाम पर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर





झज्जर। कॉलेज के नामकरण की मांग को लेकर लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित विभिन्न गांवों के प्रतिनिधि व डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए यादव समाज के प्रबुद्धजन।

गांव कोरियावास स्थित मेडिकल कॉलेज का नामकरण अमर शहीद राजा राव तुलाराम के नाम पर करने की मांग को लेकर जिले के 22 गांवों के सरपंचों द्वारा डीसी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा गया। सरपंचों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से अपील की है कि संबंधित मेडिकल कॉलेज का नामकरण अमर शहीद राजा राव तुलाराम के नाम पर किया जाए। ज्ञापन देने से पूर्व रेवाड़ी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में विशाल पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें 36 बिरादरी के लोग शामिल हुए। गांव कोरियावास की तरफ से विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके गांव ने करीब 80 एकड़ जमीन सरकार को दान में दी है। लेकिन राजनीति साजिशों के कारण मेडिकल कॉलेज का नामकरण किसी अन्य नाम से कर दिया जबकि नामकरण शहीद राजा राव तुलाराम के नाम से करने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत द्वारा मई 2023 में ही सरकार को दिया चुका है। इस दौरान यादव सभा प्रधान राम अवतार यादव, पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, देवेंद्र प्रधान, प्रोफेसर होशियार सिंह यादव, संजय यादव, जिला पार्षद संजय जांगड़ा, सहदेव यादव मुंडाहेड़ा, कृष्ण यादव, अत्तर के अलावा शाहजहांपुर सरपंच सोमबीर, जहाजगढ़ सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह, छुछकवास सरपंच महावीर सिंह, कोयलपुर सरपंच जितेंद्र कुमार, अजीत सरपंच प्रतिनिधि चमनपुरा, अजीत सरपंच प्रतिनिधि चढ़वाना, कन्हवा सरपंच राजेश कुमार, रमेश सरपंच खातीवास, विक्रम सरपंच प्रतिनिधि नीलाहेडी, रामनिवास सरपंच प्रतिनिधि पलड़ा, सरपंच विनोद खाजपुर, मनीष सरपंच प्रतिनिधि सरोला, गोविंद सरपंच पटौदा, सरपंच खेड़ी राजकुमार, रामकिशोर सरपंच बिरड़ आदि उपस्थित रहे। इसके उपरांत ग्राम पंचायत सदस्यों ने डीसी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

## महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में अधूरी परियोजनाओं को जल्द किया जाएगा पूरा : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बवाना के पूठ खुर्द में स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री डॉ. पंकज ने अस्पताल में सिविल वर्क्स में हो रही देरी और स्टाफ की उपलब्धता में कमी को लेकर अस्पताल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त कर सभी पेंडिंग काम को जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कमियों को तुरंत दूर करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित निर्माण कार्यों को संबंधित विभागों के सहयोग से शीघ्र पूरा किया जाए। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज के साथ दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री श्री रविंद्र सिंह इंद्राज भी मौजूद रहे। महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने महर्षि वाल्मीकि अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, डॉक्टर और नर्स, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। मंत्री ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था और दवाइयों के स्टॉक के साथ ही मरीजों के उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने ओपीडी में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों के साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि अस्पताल जो बाहरी दिल्ली के लोगों के बेहतर इलाज के लिए बनाया गया है। जहां बाहरी दिल्ली के रहने वाले लोग इस उम्मीद में पहुंचते हैं कि उनको समय पर और गुणवत्तापूर्ण हर बीमारी का इलाज मिल सके। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी सभी कमियों को शीघ्रता से दूर कर स्वास्थ्य सेवा को और मजबूत बनाया जा सकें।

## खबर संक्षेप



झज्जर। जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए विक्रम सिंह।

### विक्रम सिंह बने ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य

**झज्जर।** स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में आयोजित एक मीटिंग के दौरान नव नियुक्त जिला ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विक्रम सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि का आभार जताते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। अपनी इस नियुक्ति पर उन्होंने सीएम नायब सैनी, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, संगठन मंत्री फणीश्वरनाथ शर्मा आदि शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है वे उसे निष्ठापूर्वक निभाएंगे।

### साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा पार्ट टाइम जॉब और कम समय में ज्यादा मुनाफे देने का लालच देकर साइबर फ्रॉड करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर ने बताया कि बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन निवासी उत्तराखंड के तौर पर की गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने खाते में आए हुए फ्रॉड के पैसे निकाल कर दूसरे आरोपी को देने और उसके बदले में कमीशन के तौर पर पांच हजार रुपये लेना पाया गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी जेल भेज दिया गया

### नवीन बंटी बने ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य

**बहादुरगढ़।** भाजपा सरकार द्वारा बहादुरगढ़ के कई नेताओं, कार्यकर्ताओं को जिला पब्लिक रिलेशंस व ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इनमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी भी शामिल हैं। नवीन बंटी ने ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। नवीन बंटी ने कहा कि कमेटी के सदस्य के रूप में आमजन की समस्याओं को शासन व प्रशासन के माध्यम से समाधान करवाएंगे।



## सीक्यूएम के निर्देशों, नियमों का पालन न करने पर सख्ती

# दो फैक्ट्री और चार डीजी सेट को किया सील

### फ्लाइंग टीम ने पिछले सप्ताह किया था निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सीक्यूएम के निर्देशों, नियमों का पालन न करने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कार्रवाई की गई है। बहादुरगढ़, बादली और बहराणा में चार फैक्ट्रियों के डीजी सेट सील किए गए हैं। जबकि दो इकाइयां भी सील कर दी गई हैं। दरअसल, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की फ्लाइंग टीमों ने पिछले सप्ताह झज्जर जिले में औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण किया था।

गैर-अनुपालन की रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए टीमों ने पर्यावरण मानदंडों के पालन की पुष्टि करने के लिए बरहाणा, बहादुरगढ़, बादली और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न उद्योगों का दौरा किया।




बहादुरगढ़। कार्रवाई के दौरान सील किया गया डीजी सेट। फोटो : हरिभूमि

निरीक्षण के दौरान कई डीजल जनरेटर सेट और औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सीलिंग के आदेश जारी किए गए।

इनमें बरहाणा स्थित गणेश इंटरप्राइजेज, एसवाई इंडस्ट्रीज बहराणा, मैसर्स पैकार्ट पैकिंग बादली और मेसर्स आरआर पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बहादुरगढ़ में डीजी सेट सीएक्यूएम निर्देशों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिन्हें सील कर दिया गया। इनके अलावा उर्जा बैटरीज लिमिटेड बहादुरगढ़, बाबाजी उद्योग झज्जर को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आवश्यक स्थापना सहमति (सीटीई) और संचालन सहमति (सीटीओ) प्राप्त किए बिना संचालन करने के चलते सील कर दिया गया है।

**ये बोले अधिकारी**

क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सीएक्यूएम मानदंडों के अनुसार, केवल रेट्रोफिट एमिशन कंट्रोल डिवाइस (आरईसीडी), दोहरे ईंधन किट या सीपीसीबी मानकों के अनुरूप डीजी सेट को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के भीतर संचालित करने की अनुमति है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहने वाले उद्योगों पर सीलिंग और अभियोजन सहित सख्त कार्रवाई की जा सकती है। एचएसपीसीबी से वैध सीटीई और सीटीओ प्राप्त करने के बाद ही संचालन करने की सख्त सलाह दी गई है। अधिक स्पष्टीकरण के लिए, उद्योग एचएसपीसीबी, बहादुरगढ़ के क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। वायु गुणवत्ता मानकों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।



बहादुरगढ़। स्टेशन पर जांच करती टीम। फोटो : हरिभूमि

## बम निरोधक दस्ते ने रेलवे स्टेशन पर चलाया जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली से सटे बहादुरगढ़ के रेलवे स्टेशन पर बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षा व्यवस्था जांची। टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 व 2 की जांच की। दस्ते का नेतृत्व एएसआई सुमित कुमार ने किया। इस दौरान उनके साथ जीआरपी एसएचओ विनोद शर्मा, एएसआई राजेश मुदगिल, एएसआई उर्मिला, एएसआई लोकेश, प्रताप, सिपाही दलबीर, नरेंद्र व जितेंद्र शामिल रहे। रोहतक से पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने रेलवे स्टेशन परिसर में डस्टबिन, दुकानें, यात्रियों के बैग की जांच की। टीम ने रेलवे यार्ड व माल गोदाम एरिया में ट्रैक के दोनों तरफ पहुंचकर वहां के एरिया में भी सर्च अभियान चलाया। अचेकिंग टीम ने यात्रियों से कहा कि यदि कोई भी संदिग्ध, व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जीआरपी इंस्पेक्टर विनोद शर्मा ने बताया कि बम स्क्वायड के साथ रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर चेकिंग की गई। चेकिंग में सभी जगह स्थिति सामान्य मिली।



झज्जर। आईटीआई में दाखिले के आवेदन करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गुढ़ा आईटीआई में दाखिले के लिए आए 1445 आवेदन

**झज्जर।** शुक्रवार को जिले की विभिन्न आईटीआई में दाखिले के लिए आवदेन का अंतिम दिन रहा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि उनके संस्थान की कुल 508 सीटों के लिए 1445 आवेदन प्राप्त हुए। उनके संस्थान में विभिन्न ट्रेड एवं यूनिट में कोपा में 48, इलेक्ट्रीशियन में 40, फिटर में 40 रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग में 48, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में 24, वायरमैन में 20, वेल्डर में 40, प्लंबर में 48, सेविंग टेक्नोलॉजी में 20, सोलर टेक्नीशियन में 20, मैकेनिक मोटर व्हीकल में 24, मैकेनिक डीजल में 48, मैकेनिक ट्रैक्टर में 40, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 24 व वुड वर्क टेक्नीशियन में 24 सीटें हैं। विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई थी। विभिन्न पदों के लिए किए आवेदनों में इलेक्ट्रीशियन के 384, फिटर में 188, मैकेनिक मोटर व्हीकल ड्यूल में 97, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग में 95, वायरमैन में 93, मैकेनिक डीजल में 71, प्लंबर में 61, वेल्डर में 52, ड्राफ्ट्समैन सिविल ड्यूल में 52, सोलर टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल ड्यूल में 49, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में डूयल 45, मैकेनिक डीजल ड्यूल में 32, वेल्डर ड्यूल में 19 व अन्य के लिए आवेदन मिले।



झज्जर। सिल्वर मेडल विजेता भक्ति एवं प्राची चाहार। फोटो : हरिभूमि

### जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भक्ति व प्राची चाहर ने जीता सिल्वर मेडल

**झज्जर।** हाल ही में रोहतक में आायेजित 6वीं जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ियों ने पदक जीत कर जिले व राज्य का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल व नवीन नेहरा ने बताया कि 18 जून से 25 जून तक चली इस प्रतियोगिता में बेरी स्टेडियम की खिलाड़ी भक्ति ने 54 किग्रा भारवर्ग में तथा स्थानीय महर्षि दयानंद स्टेडियम की खिलाड़ी प्राची चाहार ने 63 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। उन्होंने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बहादुरगढ़, लोवा खुर्द व दुल्हेड़ा ने जीते मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा में लव कुश फुटबॉल लीग का आयोजन जारी है। शुक्रवार को 17 मैच खेले गए। बहादुरगढ़, इंडस, लोवा खुर्द आदि टीमों ने अपने मुकाबले जीते। मैचों का शुभारंभ कोच मंगत राम ने किया। अंडर-10 के पहले मुकाबले में इंडस कीकर ने एलकेएससी स्तर को 5-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में इंडस आयरन ने इंडस को 5-3 से हराया। लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने दुल्हेड़ा पर 3-0 से जीत दर्ज की। सिटी बहादुरगढ़ फुटबॉल क्लब ने भापड़ोदा को 6-1 से शिकस्त दी। इंड्स रेपिड ने एलकेएससी स्तर को 3-1 से हराया। अंडर-12 में पहले मुकाबले में लोवा खुर्द-जी ने इंडस काइट को 3-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में दुल्हेड़ा ने इंडस को 3-1 से परास्त किया। तीसरे मुकाबले में इंडस सोल ने एलकेएससी को 5-0 से शिकस्त दी। चौथे मुकाबले में सिटी बहादुरगढ़ ने एलकेएससी स्तर को 3-1 से हराया। भापड़ोदा एफसी ने एलकेएससी-जी को 3-1 से हराया। जबकि इंड्स ड्रीम ने दुल्हेड़ा को 3- 2 से हराया। अंडर-14 में पहला मुकाबला लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने बाबा भोला फुटबॉल क्लब से 6-1 से जीता। दुल्हेड़ा ने इंडक्शन को 2- 0 से हराया। सिटी बहादुरगढ़ फुटबॉल क्लब और भापड़ोदा के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। एलकेएससी स्टार ने बाबा भोला फुटबॉल क्लब को 7-2 से हराया। मैच के रेफरी निखिल, टीनू, तनी, नमन, आदि, आकाश, श्लोक रहे।



बहादुरगढ़। गोल के लिए फुटबॉल के पीछे दौड़ते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## डीसीपी ने किया थानों व नाकों का निरीक्षण


हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- एमएचसी कक्ष के रिकार्ड व हाजिरी रजिस्टर को चेक किया

डीसीपी मयंक मिश्रा ने वीरवार की देर रात को बहादुरगढ़ के तीन थानों और नाकों का निरीक्षण किया। साथ ही ईआरवी टीम की स्थिति भी जांची। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईपीएस मयंक मिश्रा ने पहले लाइनपार, आसौदा तथा सेक्टर 6 थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थानों के भवन तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एमएचसी कक्ष के रिकार्ड व हाजिरी रजिस्टर की बारीकी से जांच की। उन्होंने थाना प्रबंधकों को रिकॉर्ड को सुरक्षित एवं तरतीब से रखने तथा थाना प्रांगण में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने नाकों का भी निरीक्षण किया। पुलिस कर्मचारियों को संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने इआरवी गाड़ियों की भी जांच की।



बहादुरगढ़। लाइनपार थाने में निरीक्षण करने पहुंचे डीसीपी मयंक मिश्रा। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। ग्राम वासियों के साथ भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बराही।

- स्टैड बनने से यात्रियों को धूप व बरसात में परेशानी नहीं होगी

### मुकुंदपुर में बस स्टैंड के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता एवं जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने शुक्रवार को मुकुंदपुर गांव के बस स्टैंड के निर्माण कार्य कार्य का गांव के बुजुर्गों के हाथों नारियल फुड़वाकर विधिवत शुभारंभ कराया। विकास कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे रविंद्र छिल्लर का ग्राम सरपंच व ग्राम वासियों ने फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। रविंद्र छिल्लर बराही ने बताया कि मुकुंदपुर ग्राम वासियों ने उनसे बस स्टैंड बनवाने की मांग की थी। जिसको पूरा करते हुए मुकुंदपुर गांव के लिए बस अड्डा बनाने के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया है। बस स्टैंड बनने के बाद ग्राम वासियों व यात्रियों को धूप व बरसात से बचाव के लिए यह बस स्टैंड उपलब्ध होगा। इस बस स्टैंड पर बसें रुकने से ग्रामवासियों व अन्य यात्रियों की यात्रा और सुविधाजनक होगी। इस अवसर पर काला प्रधान, सुमित प्रधान, मोहन प्रधान, आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने धार्मिक कार्यक्रमों में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को इलाके में आयोजित धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक ने सर्वप्रथम नयागांव में बादली रोड पर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक राजेश जून का मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। भगवान जगन्नाथ की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। विधायक राजेश जून ने रथ यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए हलका वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी को रथ यात्रा निकालने पर 11 हजार रुपए की धनराशि दान स्वरूप भेंट की। इसके बाद गांव आसौदा में दादा बूढ़े के देसी घी के भंडारे में शिरकत की। जून ने यहां भी दान दिया। जून ने कहा कि भंडारा जैसे सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करने से समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।



बहादुरगढ़। जगन्नाथ यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# एक माह से खेतों में पड़े हैं बिजली के टूटे हुए तार बिजली व्यवस्था सुचारू न होने से किसान परेशान

### बिजली व्यवस्था बाधित होने से करीब 25 एकड़ में नहीं हो पाई फसल की बिजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

करीब एक माह पहले आई तेज आंधी के चलते ढाणी साल्हावास क्षेत्र में टूटे बिजली के तारों की सुध निगम कर्मचारियों द्वारा न लिए जाने से किसानों को परेशानी आ रही है। किसानों का कहना है कि खेत में पड़ी बिजली की टूटी हुई तारों के कारण उनके खेतों में बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं है जिस कारण वे बोई गई फसलों में पानी देने से वंचित रह जाएंगे। इसके अलावा ये टूटी हुई तारे बुआई के दौरान बाधा भी बनती है। किसान विजयपाल ने बताया कि टूटी हुई तारों को खेतों में पड़े एक माह से अधिक का समय हो चुका है लेकिन किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने उनकी सुध नहीं ली। हालांकि वे अपनी इस समस्या के संबंध में संबंधित एसडीओ, एक्सईएन और एसई को भी अवगत करा चुके हैं। इसके अलावा समस्या संबंधी शिकायत ऑनलाइन पोर्टल भी कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया। विजयपाल के अनुसार वह तीन एकड़ में फसलों की बुआई करता है। पिछले दिनों आई बरसात में उसने एक एकड़ में बाजरे की बिजाई कर दी है लेकिन उसे अन्य दो एकड़ में धान की फसल की बिजाई करनी है। इस फसल को पानी की अधिक आवश्यकता है और खेतों में पानी देने के लिए बिजली की जरुरत है। ऐसे में बगैर बिजली के उनका ट्यूबैवल नहीं चल पाएगा जिस कारण फसल सूख जाएगी। विजय के अनुसार उसके अलावा इस क्षेत्र में किसान जगदीश, निहाल सिंह, रामफल, छत्तर सिंह, गजे सिंह आदि के खेत भी आते हैं। इस क्षेत्र में विभिन्न किसानों के पन्द्रह ट्यूबवैल लगे हुए हैं। जिस कारण किसान बिजली व्यवस्था सुचारू न होने के चलते फसल की बिजाई से वंचित है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उनके करीब 25 एकड़ में फसल की बिजाई रुक जाएगी। पीड़ित किसानों ने बिजली निगम अधिकारियों व जिला प्रशासन से गुहार लगाई है उनके क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुचारू करके उनकी समस्या का समाधान किया जाए।



झज्जर। खेत में लगा हुआ ट्रांसफार्मर जहां से टूटी है तारें तथा खेत में टूटी पड़ी बिजली की तार। फोटो : हरिभूमि

*शीघ्र किया जाएगा किसानों की समस्या का समाधान : इस संबंध में जब बिजली निगम के एसई जगबीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे अभी संबंधित एसडीओ को बोल कर शीघ्र ही किसानों की समस्या का समाधान कराएंगे।*




बहादुरगढ़। अपने घर की चाबी प्राप्त करता एक परिवार। फोटो : हरिभूमि

## ग्राहकों को मिली विला की चाबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

रॉयल ग्रीन रियल्टी ने बहादुरगढ़-गुरुग्राम रोड स्थित अपने प्रोजेक्ट रॉयल ग्रीन काउंटी में ग्राहकों को विला की चाबियां सौंप दी है। चाबियां पाकर ग्राहकों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इंडिपेंडेंट विला न केवल आधुनिक डिजाइन और बेहतरीन निर्माण गुणवत्ता के प्रतीक हैं, बल्कि हरित वातावरण, सुरक्षा और शांति से परिपूर्ण जीवनशैली भी प्रदान करते हैं। रॉयल ग्रीन रियल्टी के प्रबंध निदेशक यशांक वासन ने बताया कि हमने जो वादा किया था, वह निभाया है। रॉयल ग्रीन काउंटी में आधुनिक जीवनशैली से युक्त विला तय समय में बनाकर पोजेशन देना हमारे लिए गर्व की बात है। यह सिर्फ घर नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन अनुभव है। बहादुरगढ़ का सबसे बड़ा आगामी क्लब, ओपन जिम, बच्चों के झूले, चाइल्ड कॉर्नर और आधुनिक हरित पार्क उच्चस्तरीय सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण जैसी सुविधाएं मिलेंगी। डायरेक्टर वरुण मखीजा ने कहा कि हर परिवार को आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त, हरित और शांत वातावरण में जीवन जीने का अवसर देना हमारा मकसद है।